# पाठ–10

# अव्यय शब्द

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. जो अव्यय दो शब्दों तथा वाक्यों को जोड़ते हैं, उन्हें कहते हैं–
   (i) संबंधबोधक (ii) समुच्चयबोधक (iii) विस्मयादिबोधक
2. जो क्रिया-विशेषण क्रिया के होने के समय को बताता है, वह कहलाता है–
   (i) स्थानवाचक (ii) कालवाचक (iii) रीतिवाचक
3. जो क्रिया-विशेषण क्रिया के होने का ढंग बताता है, वह कहलाता है–
   (i) कालवाचक (ii) रीतिवाचक (iii) स्थानवाचक
4. अव्यय के भेद होते हैं–
   (i) तीन (ii) चार (iii) पाँच

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. सीमा ______ कपड़े धोएगी।
2. सुशील ______ यही खाना खाएगा।
3. लता को एक कुर्सी ______ मेज़ खरीदनी है।
4. सोहन संगीतकार है ______ सब उसे पंसद करते हैं।
5. उसने रसायनशास्त्र, ______ भौतिक शास्त्र लिया।
6. गंगा बनारस ______ बहती है।
7. भोजन ______ हाथ-मुँह धोने चाहिये।
8. मेरे ______ कोई सेवा हो तो अवश्य बताना।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. अव्यय शब्दों में लिंग, वचन, काल आदि के प्रभाव से परिवर्तन (विकार) उत्पन्न होता है।
2. यहाँ, वहाँ, जहाँ, अंदर, बाहर आदि को स्थानवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।
3. आमने, सामने, अपेक्षा सहवाचक हैं।
4. खिलाफ, विपरीत, उलटे आदि विरोधवाचक हैं।
5. साथ, संग, भर, मात्र हेतुवाचक है।
6. ओर, तरफ़, पार आदि दिशावाचक है।

**निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-विशेषण को रेखांकित करके उसके भेद लिखिए–**

1. गधा चलते-चलते गिर पड़ा। ______
2. गिलास में ज़रा-सा पानी है। ______
3. हम हमेशा मित्र रहेंगे। ______
4. गाड़ी से झटपट दिल्ली पहुँच गए। ______
5. सोनू का विद्यालय इधर ही है। ______

**निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्द क्रिया-विशेषण हैं या संबंधबोधक हैं? बताइए–**

1. जिज्ञासा के बिना ज्ञान नहीं मिलता। ______
2. बबली नित्य पाठ याद करती है। ______
3. भेड़िया घर के आस-पास ही है। ______
4. मीरा सुन्दर भजन गाती है। ______
5. सोहन झूले के ऊपर बैठा है। ______

LIVEWORKSHEETS